प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का कल रात निधन, सात दिनों का राष्ट्रीय शोक, राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा अंतिम संस्कार।
2. डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत कई राजनेताओं ने जताया शोक।
3. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में सेस लगाने से किया इनकार, कहा–पेट्रोल–डीजल पर सेस का नहीं है कोई प्रस्ताव।
4. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास नये साल में लेंगे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता, रांची पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत।
5. हॉकी इंडिया लीग आज से ओड़िशा के राउरकेला में होगी शुरू।

*******************

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का कल रात निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे और कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। कल रात तबियत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स के इमरजेंसी वार्ड में उन्हें भर्ती कराया गया था जहां तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब राज्य में हुआ था। उन्हें 1991 में शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण के दौर का प्रणेता माना जाता है। वे कांग्रेस नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार में 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे। उनके निधन पर सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। राज्यकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

*******************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत देशभर के नेताओं ने गहरा शोक जताया है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. सिंह उन विरले राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से काम किया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. सिंह एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा आदरणीय मनमोहन सिंह जी ने निःस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाने का निर्देश दिया है, ताकि जरूरत पड़ने से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। श्री सोरेन गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के पुनर्विकास की योजना और यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल–डीजल पर टैक्स बढ़ाने की संभावना से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है। केंद्र सरकार खुद विमान के ईंधन पर टैक्स वसूलना चाहती है। राजस्थान में हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड सरकार ने इसका विरोध भी किया था।

*******************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने राज्य के समग्र विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर विशेष योजनाएं संचालित करने की प्रतिबद्धता दोहरायी है। उन्होंने कल गिरिडीह में कहा कि अधिकारियों को अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं।

*******************

ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर श्री दास ने कहा कि अब सक्रिय राजनीति में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा महान पार्टी है। इसमें कोई भी समर्पित कार्यकर्ता शीर्ष तक पहुंच सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री दास पार्टी की सदस्यता नये साल में लेंगे।

*******************

दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पर्यावरण की संरक्षा के लिए धनबाद में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जायेगा। इसके लिए नई दिल्ली स्थित नमामि गंगे कार्यालय में त्रीपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना पर 518 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके तहत पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जायेंगे। समझौते पर स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन, जुडको और धनबाद वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर किया गया।

*******************

खाद्य आपूर्ति विभाग ने ई–केवाईसी की आखिरी तारीख को 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि रांची, जमशेदपुर और धनबाद के एडीएम राशनिंग और जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्धारित अवधि के भीतर ई–केवाइसी का कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया है।

*******************

रेलवे का नया टाइम टेबल एक जनवरी 2025 से लागू होगा। इससे पहले ही कई ट्रेनों के समय बदल गए हैं।

*******************

चक्रधरपुर मंडल में विकास कार्य को लेकर टाटनगर–हटिया–टाटानगर एक्सप्रेक्स, टाटानगर–बरकाकाना–टाटानगर पैसेंजर 29 दिसंबर और 31 दिसंबर को रद्‌द रहेगी जबकि विशाखापत्तनम–वाराणसी एक्सप्रेस 29 दिसंबर और वाराणसी–विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 30 दिसंबर को रद्‌द रहेगी। वहीं ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रांची से होकर चलने वाली हैदराबाद–रक्सौल–सिंकदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन में अवधि विस्तार किया गया है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग आज से ओड़िशा के राउरकेला में शुरू होगी। पहला मैच दिल्ली एस. जी. पाइपर्स और गोनासिका के बीच बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने अस्पतालों का हेल्थ सर्किट और रांची का री डेवलेपमेंट प्लान बनाने के मुख्यमंत्री के निर्देश की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। दैनिक भास्कर ने सीसीएल क्वार्टर पर कब्जा करने के मामले में विधायक जयराम महतो पर केस दर्ज होने की खबर को प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान ने रातू में पेट्रोल पंप कर्मी से 13 लाख से अधिक रूपये लूट लिये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण की खबर है– हजारीबाग में एसडीएम की पत्नी सरकारी आवास में झुलसी।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स में कांगेस वर्किंग कमेटी की खबर को पहले पेज पर जबह दी है।